INS ACCREDITED
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-157 | सांध्य दैनिक | मथुरा, रविवार, 2 अगस्त 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

# डाक कांवड़ को लेकर युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

**यूनिक समय, मथुरा।** सावन के पहले सोमवार को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। रविवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा डाक कांवड़ लेने के लिए गंगा घाटों की ओर रवाना हुए। डीजे, ढोल–नगाड़ों और धार्मिक भजनों के साथ निकले कांवड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। भगवा वस्त्र धारण किए युवा 'बोल बम' और 'हर–हर महादेव' के जयघोष लगाते हुए वाहनों से गंगा घाटों के लिए रवाना हुए। पूरे वातावरण में भक्ति और श्रद्धा का रंग दिखाई दिया।

गांवों से कांवड़ यात्रा लेने को निकले युवाओं का कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने कांवड़ियों का स्वागत किया और सुरक्षित सफर की कामना की।

युवाओं के समूह पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ अपनी यात्रा पर निकले। कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्ति का अनूठा रंग देखने को मिला। युवाओं का कहना था कि सावन के पहले सोमवार पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करना उनके लिए आस्था और श्रद्धा का सबसे बड़ा पर्व है। तेज आवाज में बज रहे डीजे लोगों को



आकर्षित कर रहे थे।

वहीं, सावन के पहले सोमवार को

## पहले सावन के सोमवार को लेकर गंगा घाटों की ओर हुए रवाना

उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जिले के प्रमुख शिवालयों में विशेष तैयारियां की गई हैं। मंदिरों की साफ–सफाई के साथ आकर्षक सजावट की गई है। जलाभिषेक, दर्शन और पूजा–अर्चना के लिए अलग–अलग व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कई मंदिरों में स्वयंसेवकों की भी तैनाती की गई है, जो श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से दर्शन कराने में सहयोग करेंगे। वहीं, प्रशासन ने भी प्रमुख मार्गों और मंदिरों के आसपास सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक इंतजाम किए हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लगातार निगरानी बनाए हुए हैं, ताकि कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से हो सके। सावन के पहले सोमवार को लेकर पूरे जिले में भक्ति, उल्लास और उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

### मथुरा में 147.5 मिमी वर्षा दर्ज, सामान्य 234.7 मिमी से 87.2 मिमी कम

# जुलाई में 37 प्रतिशत कम बरसे मेघ, खेती पर बढ़ी चिंता

## शुरुआती दिनों में हुई तेज बारिश, लेकिन पूरे माह नहीं हो सकी लगातार वर्षा

**यूनिक समय, मथुरा।** वर्ष 2026 के जुलाई माह में जिले में मानसून अपेक्षित रफ्तार नहीं पकड़ सका। मौसम के आंकड़ों के अनुसार, जिले में जुलाई के दौरान कुल संचयी वर्षा 147.5 मिलीमीटर दर्ज की गई, जबकि इस अवधि में सामान्य औसत वर्षा 234.7 मिलीमीटर मानी जाती है। इस प्रकार जिले में सामान्य से 87.2 मिलीमीटर कम बारिश हुई, जो लगभग 37 प्रतिशत की कमी को दर्शाती है। कम वर्षा के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है, वहीं भूजल स्तर और खरीफ फसलों पर भी इसका असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।



मौसम विभाग के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, जुलाई के शुरुआती दिनों और बीच–बीच में कुछ स्थानों पर अच्छी बारिश हुई, जिससे लोगों को लगा कि इस बार मानसून सामान्य रहेगा। कई क्षेत्रों में तेज बौछारों के कारण जलभराव की स्थिति भी बनी। हालांकि पूरे महीने बारिश का सिलसिला लगातार नहीं चल पाया। लंबे अंतराल तक बादल तो छाए रहे, लेकिन अपेक्षित वर्षा नहीं होने से कुल बारिश का आंकड़ा सामान्य स्तर से काफी नीचे रह गया।

जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार के अनुसार, धान, बाजरा, मक्का और अन्य खरीफ फसलों की अच्छी वृद्धि के लिए जुलाई सबसे महत्वपूर्ण महीना माना जाता है। पर्याप्त वर्षा नहीं होने से जिन क्षेत्रों में सिंचाई के सीमित साधन हैं, वहां किसानों को अतिरिक्त सिंचाई करनी पड़ रही है। इससे खेती की लागत बढ़ने की संभावना है। जिन किसानों ने वर्षा पर निर्भर होकर बुवाई की थी, उन्हें सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**तथ्य एक नजर में- कुल संचयी वर्षा (1 जून से 31 जुलाई 2026): 147.5 मिमी**
**सामान्य औसत वर्षा: 234.7 मिमी**
**वर्षा की कमी: 87.2 मिमी**
**सामान्य से कमी: लगभग 37 प्रतिशत**

कम वर्षा का असर केवल खेती तक सीमित नहीं है। तालाबों, पोखरों और अन्य जलस्त्रोतों में भी अपेक्षित मात्रा में पानी का संचय नहीं हो सका है। यदि अगस्त में भी सामान्य से कम वर्षा होती है तो जल संरक्षण और पेयजल उपलब्धता की चुनौती बढ़ सकती है। मौसम विज्ञानी नरेंद्र कुमार के अनुसार, मानसून अभी समाप्त नहीं हुआ है, अगस्त में अच्छी बारिश होने पर वर्षा की कमी की कुछ भरपाई संभव है।

# किसानों का पैसा लेकर भागा आढ़तिया गिरफ्तार

**यूनिक समय, कोसीकलां।** स्थानीय अनाज मंडी में आढ़त करने वाला एक आढ़तिया किसानों की फसल बिक्री का पैसा लेकर आढ़त को बंद कर फरार हो गया। एक किसान ने आढ़तिया और दोनों बेटों के खिलाफ थाना में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आढ़ती को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी पर काफी किसान थाने पहुंच गए।

बताया गया कि कोसीकलां में रहने वाले चोखेलाल आढ़तिया की अनाज मंडी में आढ़त थी। चोखेलाल का किसानों से अच्छा व्यवहार था। किसानों की फसल को बिक्री करने के बाद रकम को लेकर



आढ़तिया की गिरफ्तारी का पता लगने पर थाने पहुंचे किसान।

चोखेलाल ने आढ़त को बंद कर दिया और भाग गया। इस मामले में उसने

## पैसा वसूलने को थाने पर एकत्र हो गए किसान

किसानों का काफी पैसा मार लिया। चोखे लाल और उसके बेटे रामू, भीम के खिलाफ रुप किशोर ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करा दिया। मुकदमे की जांच कोटवन चौकी इंचार्ज उत्तम चौहान द्वारा की जा रही थी। चोखेलाल को आज सायं गिरफ्तार कर लिया। जानकारी मिलने के बाद सैंकड़ों किसान रकम को वसूलने के लिए थाने पहुंच गए। पुलिस इस मामले को सुलझाने में लगी है।

# बरसाना में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ राधारानी के जयकारों से गूंजा धाम

यूनिक समय, बरसाना। रविवार को राधा रानी के धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही विभिन्न राज्यों के अलावा विदेशों से भी बड़ी संख्या में भक्त राधारानी के दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर और आसपास की गलियों में श्रद्धालुओं का सैलाब देखने को मिला। पूरा क्षेत्र राधे–राधे और श्रीजी के जयकारों से गूंज उठा। भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। मंदिर में दर्शन के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई, जिससे




श्रद्धालुओं को व्यवस्थित तरीके से प्रवेश कराया जा सके। पुलिसकर्मी लगातार भीड़ को नियंत्रित करने में जुटे रहे, वहीं स्वयंसेवकों ने भी दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहयोग किया।




# केशीघाट के निकट प्राचीन धरोहर गिरासू , खतरा

### यमुना किनारे हमेशा मंडराती है मौत

### परिक्रमार्थियों को गुजरने में लगता है भय






वृंदावन स्थित केशीघाट के पास ऐतिहासिक धरोहर की हालात का नजारा, जहां हर समय मौत मंडराती रहती है।

**यूनिक समय, वृंदावन।** केशीघाट के निकट ऐतिहासिक धरोहर की हालात देखकर यहां से गुजरने वाले परिक्रमार्थियों की सांसें एक बार तो थम सी जाती होंगी। एक बार वह सोचने को विवश हो जाते हैं कि यदि कभी यह धरोहर यकायक गिरी तो कितना बड़ा हादसा हो सकता है। इसका अनुमान लगाया जाना मुश्किल होगा। शायद इस धरोहर की हालात किसी से छिपी हो। यहां से हर दिन के साथ एकादशी, पूर्णिमा और अन्य प्रमुख प्रर्वों पर बड़ी संख्या में वृंदावन की पंचकोसीय परिक्रमा करते हुए निकलते हैं। परिक्रमार्थी इस रास्ते से निकलते वक्त कभी धरोहर को देखते हैं तो कभी नीचे। योगीराज श्रीकृष्ण, राधारानी और यमुना महारानी के नाम जपते हुए आगे बढ़े हुए चले जाते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि इस धरोहर की जर्जर हालात को देखते हुए परिक्रमार्थियों के लिए कोई सतर्कता का संकेत नहीं लगाया है, जिससे परिक्रमार्थी दूसरे रास्ते से होकर परिक्रमा को पूरी कर सके। हां, यमुना में व्यापक जल स्तर बढ़ने पर जरुर इस परिक्रमा मार्ग पर बैरीकेडिंग कर दी जाती है। लोगों का कहना है कि वैसे प्रशासन मंदिरों की नगरी में गिरासू और जर्जर मकानों के छज्जों को गिराने के लिए नोटिस जारी कर रहा है, लेकिन इस धरोहर को बचाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। बारिश के दिनों में तो इस जीर्ण–शीर्ण होती जा रही इस धरोहर के गिरने की और भी आशंका बढ़ जाती है।




## पांच दिन से लापता किशोर का नहीं लगा पता



लापता किशोर आदित्य नागवंशी

**यूनिक समय, मथुरा।** जनपद संत कबीर नगर के महुली थाना क्षेत्र से लापता हुए एक 15 वर्षीय किशोर का पांच दिन बाद भी पता नहीं लग सका है। किशोर के न मिलने से परिवार का बुरा हाल है। जनपद संत कबीर नगर के थाना महुली के रिवाखोर के रहने वाले राजेंद्र चौरसिया ने दर्ज कराई गई गुमशुदगी रिपोर्ट में कहा है कि उनका नवासा आदित्य नागवंशी उर्फ सौरभ पुत्र तरुन कुमार निवासी गांव जगदीशपुर लहुरा देवा ( उसरी ) थाना खलीलाबाद जनपद संत कबीर नगर उनके घर आया हुआ था। 28 जुलाई की रात को करीब 11 बजे वह घर से कहीं निकल गया और लौट कर घर नहीं आया। उसे सभी संभावित स्थानों और सभी रिश्तेदारियों में तलाश किया गया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं लग रहा है। पुलिस से उसकी गुमशुदगी दर्ज कर उसे तलाश करने की गुहार लगाई है।

## कुसुम वाटिका में मिला अज्ञात शव

### शरीर पर चोटों के निशान हत्या की आशंका

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाईवे की कुसुम वाटिका कॉलोनी में एक अज्ञात शव पड़ा देख सनसनी फैल गई। युवक के शरीर पर चोटों के निशान होने से उसकी हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की जा रही है। आज प्रातः कुसुम वाटिका में अज्ञात युवक का शव पड़े देख लोगों में दहशत फैल गई। कुछ ही देर में काफी संख्या में लोग शव को देखने के लिए एकत्रित हो गए। पुलिस को भी इस बारे में बताया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के बारे मेंअधिकारियों को भी बताया गया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने फॉरेंसिक टीम को बुलाया। पुलिस ने युवक की तलाशी की तो उसके पास से कोई ऐसी वस्तु बरामद नहीं हुई जिससे उसकी शिनाख्त हो पाती। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद मोरचरी भेज दिया। बताया गया कि युवक के शरीर पर चोटों के गंभीर निशान होने पर इस बात की संभावाना जाहिर की जा रही है कि उसकी किसी दूसरे स्थान पर हत्या करने के बाद शव को यहां फैंका गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कांग्रेस का हल्ला बोल प्रदर्शन कल महावन में

**यूनिक समय मथुरा।** बढ़ती मंहगाई, भ्रष्टाचार, चढ़ावा चोरी और बिजली-पानी, खाद समय से उपलब्ध न मिलने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक सोमवार को महावन पशु पैठ होगी।

जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि बैठक के बाद पैदल मार्च निकालते हुए महावन तहसील पर हल्ला बोल प्रदर्शन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से प्रदर्शन में समय से आने की अपील की है।

## नोयडा में सौरभ चौधरी सम्मानित

**यूनिक समय, राया।** इंटरनेट मीडिया और कंटेंट क्रियेशन क्षेत्र में पहचान बनाने वाले सौरभ चौधरी को ग्रेटर नोयडा में आयोजित जीएनआईओटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट नमस्कार फाउंडेशन की ओर से आयोजित सृजनकर्ता सम्मान समारोह में सम्मानित किया। सौरभ चौधरी राया में विद्युत विभाग में कार्यरत प्रहलाद सिंह के छोटे भाई है। सौरभ की इस उपलब्धि पर उपखण्ड अधिकारी मनीष कुमार गौड़, अवर अभियंता सतेंद्र यादव आदि ने हर्ष व्यक्त किया।




### दीक्षांत समारोह में बीएसए कॉलेज की छात्राओं को मिलेंगे छह स्वर्ण पदक

## एलएलबी, एमएड और बीसीए में उत्कृष्ट प्रदर्शन, छात्राओं का होगा सम्मान



मोहिनी शर्मा



गीता



अपर्णा गौतम



गरिमा अग्रवाल

**यूनिक समय, मथुरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा का 92 वां दीक्षांत समारोह तीन अगस्त को विश्वविद्यालय के शिवाजी मंडपम सभागार में राज्यपाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। समारोह में बीएसए (पीजी) कॉलेज, मथुरा की छात्राओं को विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छह स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे।

महाविद्यालय की एलएलबी छात्रा मोहिनी शर्मा को तीन स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। उन्हें एलएलबी तृतीय वर्ष की परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर रामेश्वर प्रसाद बागला स्वर्ण पदक, एलएलबी मुख्य परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर पंडित मोतीलाल नेहरू स्वर्ण पदक और एलएलबी–2026 की समेकित परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर मोहम्मद सैफुल्ला खान स्मृति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। एमएड सत्र 2023–25 की छात्रा गीता को मुख्य परीक्षा में विश्वविद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर एमएड स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। गीता ने 1600 में से 1366 अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। एमएड सत्र 2024–26 प्रथम वर्ष की छात्रा अपर्णा गौतम ने 800 में 697 अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। उन्हें आगरा विश्वविद्यालय एमएड स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। बीसीए–2026 पाठ्यक्रम की छात्रा गरिमा अग्रवाल ने विश्वविद्यालय की आवासीय इकाई और संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित बीसीए पाठ्यक्रम में सर्वाधिक 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उन्हें सुमन गुप्ता स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर प्राचार्य प्रो. डॉ. ललित मोहन शर्मा, प्रो. एसके राय, डॉ. मधु त्यागी, डॉ. एसके सिंह, डॉ. रवीश शर्मा, डॉ. बीके गोस्वामी, डॉ. वीपी राय, डॉ. चंचल शर्मा, डॉ. संजय सिंह चौहान, नीरेंद्र कुमार, तरुण पाठक, दीपक यादव, जीके यादव और अनुज कुमार ने सभी स्वर्ण पदक विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही महाविद्यालय के अन्य छात्र–छात्राओं से इन छात्राओं से प्रेरणा लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

# जिले में टीबी खोज अभियान से मिले 4,872 नए मरीज

## जनवरी से जुलाई तक 82 हजार लोगों की हुई स्क्रीनिंग

## 16 हजार की जांच में सामने आए नए मरीज



**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में टीबी उन्मूलन अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग लगातार सक्रिय है। जनवरी से जुलाई तक शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर लोगों की स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान टीबी, एचआईवी और अन्य गंभीर बीमारियों के जोखिम वाले करीब 70 हजार लोगों को चिन्हित कर उनकी स्वास्थ्य जांच की गई। अभियान के तहत कुल 82 हजार लोगों का पंजीकरण कर स्क्रीनिंग और आवश्यकतानुसार एक्स-रे कराए गए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संजय यादव ने बताया कि 24 मार्च से जुलाई तक 16 हजार संदिग्ध लोगों की टीबी की जांच की गई। जांच रिपोर्ट में 4,872 नए टीबी मरीज मिले हैं। सभी मरीजों का तत्काल उपचार शुरू कर दिया गया है और उन्हें राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निशुल्क दवाएं दी गई। उन्होंने बताया कि मरीजों की नियमित निगरानी की जा रही है, ताकि वे दवाओं का पूरा कोर्स समय पर पूरा करें। टीबी का इलाज बीच में छोड़ने से बीमारी दोबारा गंभीर रूप ले सकती है और संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। इसलिए प्रत्येक मरीज को लगातार परामर्श और आवश्यक जानकारी दी जा रही है।

डॉ. यादव ने कहा कि टीबी अब लाइलाज बीमारी नहीं है। समय पर जांच और नियमित उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। लगातार दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, वजन कम होना, रात में पसीना आना या बलगम में खून आने जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच करानी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव-गांव और शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान भी चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि टीबी मरीज को खांसते या छींकते समय मुंह ढकना चाहिए, घर में पर्याप्त धूप और ताजी हवा लेना जरुरी है। जिला क्षयरोग अधिकारी ने लोगों से कहा कि टीबी के लक्षणों को नजरअंदाज न करें। समय पर जांच और पूरा उपचार न केवल मरीज को स्वस्थ बनाता है, बल्कि परिवार और समाज को भी संक्रमण से सुरक्षित रखता है।




# कांवड़ यात्रा को लेकर शेरगढ़ थाने में हुई समन्वय बैठक



शेरगढ़ थाने में आयोजित बैठक में मौजूद नागरिक।

**यूनिक समय, शेरगढ़।** आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से कराने के उद्देश्य से रविवार को थाना शेरगढ़ परिसर में कांवड़ समिति के पदाधिकारियों और कांवड़ यात्रियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी निरीक्षक अजय किशोर ने कांवड़ यात्रियों से यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखने, यातायात नियमों का पालन करने और धार्मिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था का पर्व है, इसलिए सभी श्रद्धालु संयम और भाईचारे के साथ यात्रा पूरी करें, किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद से दूर रहें।

उन्होंने बताया कि यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल की तैनाती के साथ यातायात संचालन पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने की भी अपील की गई। बैठक में कांवड़ समिति के पदाधिकारियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा देते हुए शांतिपूर्ण कांवड़ यात्रा कराने का संकल्प लिया।

# ब्रज वैभव अभियान में ठकुरानी घाट पर चला स्वच्छता महाअभियान

## हार्टफुलनेस, ब्रज तीर्थ विकास परिषद और नगर पंचायत ने किया श्रमदान

## श्रद्धालुओं से अपील- ब्रज को स्वच्छ रखें, यमुना में न डालें पूजा सामग्री



ठकुरानी घाट पर सफाई अभियान में सहभागिता निभाते स्वयंसेवी।

**यूनिक समय, गोकुल।** ब्रज वैभव अभियान के अंतर्गत रविवार को गोकुल स्थित ठकुरानी घाट पर व्यापक स्वच्छता महाअभियान चलाया गया। 'हम सबने यह ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है' के संदेश के साथ आयोजित इस अभियान में हार्टफुलनेस फाउंडेशन के स्वयंसेवियों, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद और नगर पंचायत गोकुल के कर्मचारियों ने श्रमदान कर घाट और आसपास के क्षेत्र की सफाई की। अभियान का उद्देश्य केवल स्वच्छता तक सीमित न रहकर, श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को पर्यावरण संरक्षण और यमुना स्वच्छता के प्रति जागरूक करना भी रहा। अभियान के दौरान स्वयंसेवियों ने विभिन्न राज्यों से आए तीर्थयात्रियों और स्थानीय नागरिकों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की। पूजा सामग्री को यमुना में प्रवाहित करने के बजाय निर्धारित स्थानों पर डालने और घाटों की स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। श्रद्धालुओं को जागरूकता पत्रक वितरित करते हुए उनसे आग्रह किया गया कि वे ब्रज की धार्मिक गरिमा के अनुरूप स्वच्छता बनाए रखने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

हार्टफुलनेस फाउंडेशन के समन्वयक निशांत शर्मा ने कहा कि ब्रज वैभव अभियान अब जनसहभागिता से जनआंदोलन का रूप ले चुका है। अभियान के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और आध्यात्मिक मूल्यों को एक साथ जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह अभियान उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, जिला प्रशासन, नगर निगम और हार्टफुलनेस के संयुक्त सहयोग से संचालित किया जा रहा है। अभियान के समापन पर सभी स्वयंसेवियों ने यमुना संरक्षण, स्वच्छ ब्रज और पर्यावरण संवर्धन के लिए निरंतर कार्य करने और अधिक से अधिक लोगों को इस जनअभियान से जोड़ने का संकल्प लिया।

# जिला स्तरीय आत्मरक्षा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**यूनिक समय, मथुरा।** युध्दाग्य इंडियन मार्शल स्पोर्ट्स आर्ट ऑर्गनाइजेशन के तत्वावधान में रविवार को एम.टी.एस. सीनियर सेकेंडरी स्कूल मथुरा में आठवीं निःशुल्क जिला स्तरीय आत्मरक्षा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले भर से करीब 150 मार्शल आर्ट खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीएसए रतन कीर्ति ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और आत्मरक्षा के साथ खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला।

संस्था के संस्थापक ज्ञान प्रकाश ने विजेता खिलाड़ियों को पदक और उन्नति प्रमाण-पत्र प्रदान किए। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन, आत्मरक्षा और राष्ट्रहित की भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश देते हुए कहा कि प्रत्येक युवा को एक जिम्मेदार और जागरूक योद्धा बनने का प्रयास करना चाहिए। एम.टी.एस. सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सचिव देवेन्द्र कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए, क्योंकि खेल व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास बढ़ाने का प्रभावी माध्यम हैं। प्रतियोगिता में डॉ.वर्ष तिवारी,योगेश यादव, महेन्द्र सिंह राजपूत, अभिषेक सिंह, दिनेश चन्द्र, मुकेश, वासुदेव, गुंजन उपाध्याय, दीपमाला यादव, तरुण उपाध्याय,ममता, कंकणा गौतम, शिवरत्न कुमार, महेन्द्र कुमार, लोकेन्द्र कुंतल,मनोज कुमार, मोहित कुमार, राघव लाल, अमित कुमार,ममता, राहुल, शांतनु, कार्तिक, आमिर अली, अनुज, शिवम और डॉ. मीना श्रीवास्तव गौतम आदि मौजूद रहे।



# 50 वर्ष बाद पौंडा नाथ का सजा फूल बंगला, श्रद्धालु हुए भाव-विभोर


फूल बंगला में विराजे श्री पौंडा नाथ।

**यूनिक समय, वृंदावन।** दक्षिण भारतीय शैली के प्रसिद्ध रंगनाथ मंदिर में भगवान श्री पौंडा नाथ (श्री विष्णु) का भव्य फूल-बंगला उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ सजाया गया। लगभग 50 वर्ष बाद आयोजित इस विशेष उत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। मंदिर के पट खुलते ही पुजारी रंगा स्वामी ने भगवान की आरती की।

आकर्षक फूल बंगला में विराजमान श्री पौंडा नाथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान के मनोहारी स्वरूप के दर्शन कर श्रद्धालु भक्ति भाव में सराबोर हो गए और मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा।

भगवान श्री पौंडा नाथ अपने दिव्य परिकर के साथ फूल बंगला में विराजमान हुए। उनके साथ महालक्ष्मी, श्रीदेवी और भूदेवी विराजमान थीं। वहीं बाईं ओर रामानुज स्वामी और वरवर मुनि स्वामी, जबकि दाईं ओर भक्तांघ्रि रेणु आचार्य और कुलशेखर अल्वार विराजमान थे। इस अवसर पर फूल बंगला को कुंज का स्वरूप दिया गया। सजावट में कनेर, गुलाब, रायवेल और गेंदे के फूलों का इस्तेमाल हुआ। यमुना सरोवर और कृत्रिम गिरिराज पर्वत और उस पर बने जीव-जंतुओं के आकर्षक स्वरूपों ने पूरे फूल बंगला की भव्यता को और बढ़ा दिया।

## केसरी हिंडोले में विराजे द्वारकाधीश

**यूनिक समय, मथुरा।** सावन मास के चौथे दिन पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार श्री ठाकुर द्वारकाधीश केसरी हिंडोले में विराजमान हुए। संध्या दर्शन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी के मनोहारी स्वरूप के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया कि मंदिर के सभी उत्सव और मनोरथों का निर्धारण मंदिर के गोस्वामी डॉ. वागीश कुमार (कांकरोली नरेश, तृतीय पीठ) के निर्देशन में किया जाता है। उन्होंने बताया कि पुष्टिमार्गीय परंपरा में सावन मास के दौरान ठाकुर जी को विभिन्न रंगों की घटाओं और आकर्षक हिंडोलों में विराजमान कर लाड़-लड़ाया जाता है। मीडिया प्रभारी के अनुसार, सोमवार को संध्या 5:10 बजे से 5:40 बजे तक ठाकुर द्वारकाधीश गुलाबी हिंडोले में विराजमान होकर अपने भक्तों को दर्शन देंगे।


केसरी हिडोले में भक्तों को दर्शन देते ठाकुर द्वारकाधीश।

## अभा ब्राह्मण महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन आठ-नौ अगस्त को


बैठक में मौजूद विप्र बंधु।

**यूनिक समय, वृंदावन।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन आठ और नौ अगस्त को मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर में आयोजित किया जाएगा। अधिवेशन में मथुरा-वृंदावन सहित संपूर्ण ब्रज क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में विप्र समाज के लोग भाग लेंगे।

इस संबंध में श्रीराम मंदिर रामबाग ज्ञान गुदड़ी में हुई पत्रकार वार्ता में ब्रज प्रदेश अध्यक्ष पं. बिहारी लाल वशिष्ठ और जिलाध्यक्ष इं. राजकुमार शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन में वर्तमान सामाजिक-राष्ट्रीय परिवेश में ब्राह्मण समाज की भूमिका, संगठन की मजबूती और सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर व्यापक मंथन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ब्राह्मण समाज को लेकर अनावश्यक टिप्पणियां करने की प्रवृत्ति बढ़ी है, जिससे समाज में असंतोष का वातावरण बन रहा है।

महामंडलेश्वर डॉ. आदित्यानंद और महासचिव पं. राजेश पाठक ने बताया कि ब्रज क्षेत्र से बड़ी संख्या में प्रतिनिधि सात अगस्त को रेल और निजी वाहनों के माध्यम से ओंकारेश्वर के लिए प्रस्थान करेंगे। वहीं महंत रघुवंश भूषण आचार्य ने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव ज्ञान, संस्कृति और धर्म परंपरा का संवाहक रहा है।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष सुभाष गौड़ (लाला पहलवान), पं. राजनारायण गौड़, पं. जयराम शर्मा, धर्मेंद्र गौतम 'लीला', आचार्य हरि सुरेशाचार्य, अनिल शास्त्री, राजेश शास्त्री, पं. रामबाबू शर्मा, गोविंद शर्मा, बालो पंडित, आचार्य गोपाल मिश्र सहित अनेक पदाधिकारी- विप्रजन उपस्थित रहे।

### यातायात सुधार के लिए ट्रैफिक पुलिस ने चलाया अभियान

## कागजात न होने पर 180 वाहन किए सीज

### नियम उल्लंघन करने वाले 425 वाहनों का किया चालान

### 175 वाहनों पर की गई कार्रवाई


अभियान के दौरान वाहनों की जांच करते यातायात पुलिस के अधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** यातायात पुलिस ने शहर के यातायात व्यवस्था को ढर्रे पर लाने के लिए चलाए गए अभियान के दौरान 180 ई-रिक्शा और ऑटो को सीज किया। अभियान के दौरान 425 ऑटो, ई-रिक्शा का चालान किय। पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 175 वाहनों का चालान किया। ई-रिक्शा और ऑटो चलाने वालों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने और आवंटित रूट पर ही वाहन चलाने के लिए जागरूक किया।

ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए एसएसपी श्लोक कुमार के निर्देश पर एसपी ट्रैफिक ने यातायात पुलिस को ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए अभियान चलाया। सड़को पर ई-रिक्शा और ऑटो चालकों द्वारा वाहनों को रोक कर अकारण लगाए जाने वाले जाम से निपटने के लिए शहर और वृंदावन में पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने बिना वैध कागजात के ई-रिक्शा और ऑटो चलाने वाले चालक को चेक किया। ऐसे वाहनों को सीज कर दिया।

सीज किए वाहनों को पार्किग सहित अन्य स्थानों पर खड़ा कर लिया। अभियान के दौरान नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने वालों और सड़क पर वाहनों को रोक कर खड़ा करने वाले 425 वाहनों के चालान किए। पुलिस ने 175 वाहनों के एमवीएक्ट 1988 के तहत भी कार्रवाई की।

सीओ ट्रैफिक संदीप कुमार ने बताया कि इस तरह का अभियान आगे भी चलाया जाएगा। ई-रिक्शा और ऑटो चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने को समझाया गया। आवंटित रूट पर वाहन चलाने को बताया गया।

## पुलिस ने कावंड़ मार्ग में खुली अंडे की दुकानें कराई बंद

**यूनिक समय, राया।** श्रावण मास में गंगाघाट से जल लेकर लौट रहे कांवड़ियों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए कांवड़ मार्ग पर मांस, मदिरा और अंडे की दुकानों के खिलाफ अभियान चलाया गया। हाथरस-मथुरा मार्ग स्थित मांट तिराहे पर संचालित एक अंडे की दुकान को पुलिस ने बंद करा दिया। जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय हनुमान दल के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र रावत, जिलाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी तथा युवा इकाई के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर के निर्देश पर नगर अध्यक्ष नीरज शर्मा और राजकुमार उपमन्यु ने इस संबंध में थाना पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा था। शिकायत में कांवड़ मार्ग पर इस प्रकार की दुकानों को बंद कराने की मांग की गई थी। थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की और संबंधित दुकान बंद कराई। वहीं, पुलिस ने दूसरे दिन भी अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रखते हुए दुकानदारों से मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण न करने तथा यातायात और कांवड़ यात्रा को सुचारु बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।

## संस्कृति और संस्कारों को जीवन का आधार बनाएं युवा


लाइफ मैनेजमेंट सूत्र कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण

**यूनिक समय,मथुरा।** लॉयंस क्लब मथुरा द्वारा आयोजित 'लाइफ मैनेजमेंट सूत्र' कार्यक्रम में कथावाचक पुंडरीक गोस्वामी ने युवाओं से ब्रज की संस्कृति, आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ब्रज के युवाओं की पहचान भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी की नगरी से जुड़ी है, इसलिए उनकी जीवनशैली और आचरण भी ब्रज की गरिमा के अनुरूप होना चाहिए। पुंडरीक गोस्वामी ने कहा कि व्यक्ति जहां का होता है, उसकी पहचान भी उसी स्थान से बनती है। जब कोई स्वयं को मथुरा, वृंदावन या ब्रज का निवासी बताता है तो लोग उसे भगवान श्रीकृष्ण की नगरी के प्रतिनिधि के रूप में देखते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आधुनिक जीवन में आर्थिक और व्यावहारिक सफलता जितनी आवश्यक है, उतनी ही आध्यात्मिक उन्नति भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने ने कहा कि भारत का संविधान सभी को अपनी बात रखने का अधिकार देता है, लेकिन किसी भी धर्म, देवी-देवता या धार्मिक आस्था का अपमान स्वीकार नहीं किया जा सकता।

कार्यक्रम में अतिथि लायंस इंटरनेशनल के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, राम नारायण वर्मा, राकेश सिंघल, अशोक गुप्ता, मोहित अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, देवाशीष अग्रवाल, लव गुप्ता, नीरज अग्रवाल, शुभांशु अग्रवाल, आयूष मित्तल, हेमंत अग्रवाल, नितांशु अग्रवाल, गौरव बंसल, तेजस्व अग्रवाल, रवीश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल आदि सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## जिले में एचपीवी टीकाकरण ने पकड़ी रफ्तार

### बच्चियों को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से मिलेगी सुरक्षा

### किशोरियों को मुफ्त लगाया जा रहा एचपीवी टीका

**यूनिक समय, मथुरा।** जनपद में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों के लिए चलाया जा रहा एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान अब रफ्तार पकड़ने लगा है। यह टीका गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव के लिए लगाया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, अभियान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ने से टीकाकरण की संख्या लगातार बढ़ रही है और किशोरियां भी इस टीकाकरण को लगवा रहीं है। अभियान के शुरुआती चरण में टीकाकरण की गति कुछ धीमी थी, लेकिन अब इसमें तेजी आई है। इस टीकाकरण को लगाने का लक्ष्य 31436 है। एक अगस्त तक जनपद में 6500 से अधिक किशोरियों को एचपीवी का टीका लगाया जा चुका है। विभाग का लक्ष्य अभी पूरा नहीं हुआ है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि जागरूकता अभियान के माध्यम से जल्द ही लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा।

नोडल अधिकारी डॉ. रोहतास सिंह ने बताया कि यह टीका जनपद के जिला अस्पताल, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और निर्धारित टीकाकरण सत्रों पर निःशुल्क लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टीका बाएं कंधे पर लगाया जाता है और यह गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि जिन किशोरियों का अभी तक टीकाकरण नहीं हुआ है, उनके अभिभावक उन्हें नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाकर टीका लगवा सकते हैं। इसके लिए यू-विन पोर्टल के माध्यम से स्वयं पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे टीकाकरण की प्रक्रिया और अधिक आसान हो गई है।

डॉ. रोहतास सिंह ने बताया कि किशोरावस्था में समय पर एचपीवी टीका लगवाने से भविष्य में सर्वाइकल कैंसर का खतरा काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जो लक्ष्य है,उसे जल्द ही पूरा किया जाएगा।

## भक्तिभाव के साथ निकली राधारानी पदयात्रा

**यूनिक समय, राया।** श्रीराधारानी सेवा समिति के तत्वावधान में 126 वी मासिक पदयात्रा श्रद्धा-भक्तिभाव के साथ प्रातः 6 बजे रेतिया बाजार ठा. राधागोपालजी मंदिर से पूजा-अर्चना हरिनाम संकीर्तन के साथ मांट मार्ग होते हुए मानसरोवर धाम राधारानी मंदिर पहुंची। जगह जगह भक्तजनों ने पुष्पवर्षा कर पदयात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर पवन गोयल, मुकेश अग्रवाल, सुनील कुमार, प्रमोद गोयल, प्रभात अग्रवाल, धर्मेश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल और अशोक अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# सावन में हरी चूड़ियों की खनक से खनके शहर के बाजार

## फैंसी, स्टोन और कश्मीरी डिजाइनों की बढ़ी मांग, महिलाओं में दिखा उत्साह

## 50 से 550 रुपये प्रति दर्जन तक बिक रही चूड़ियां, तीज-रक्षाबंधन से कारोबार को उम्मीद



**यूनिक समय, मथुरा।** सावन का पावन महीना शुरू होते ही शहर और कस्बों के बाजार हरी चूड़ियों की खनक से गुलजार हो उठे हैं। धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व रखने वाले इस माह में सुहागिन महिलाओं और युवतियों के बीच हरी चूड़ियां पहनने की परंपरा आज भी पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाई जा रही है। रविवार अवकाश की वजह से शहर के होलीगेट, चौक बाजार, छत्ता बाजार और अन्य प्रमुख बाजारों की चूड़ी दुकानों पर सुबह से देर शाम तक ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। महिलाएं अपनी पसंद के अनुसार कांच, फैंसी, ग्लिटर, स्टोन, कश्मीरी और मेटल फिनिश वाली चूड़ियों की खरीदारी करती नजर आईं। चूड़ी कारोबारी लकी गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष साधारण कांच की चूड़ियों के साथ-साथ फैंसी डिजाइन की चूड़ियों की मांग पिछले वर्षों की तुलना में अधिक है। बाजार में साधारण हरी कांच की चूड़ियां 50 से 150 रुपये प्रति दर्जन तक उपलब्ध हैं, जबकि स्टोन वर्क, कश्मीरी, ग्लिटर और मेटल फिनिश वाली फैंसी चूड़ियों की कीमत 100 से 550 रुपये प्रति दर्जन तक है। उन्होंने बताया कि ग्राहकों की बढ़ती मांग को देखते हुए इस बार पहले से अधिक स्टॉक मंगाया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की कमी न रहे।

खरीदारी करने पहुंचीं दीपा ने बताया कि सावन में हरी चूड़ियां पहनना उनके परिवार की वर्षों पुरानी परंपरा है। वह हर साल नई डिजाइन की चूड़ियां खरीदती हैं। वहीं नेहा ने कहा कि इस बार स्टोन और कश्मीरी डिजाइन की चूड़ियां सबसे अधिक आकर्षित कर रही हैं। गौरी अग्रवाल ने बताया कि सावन के साथ हरियाली तीज और रक्षाबंधन को देखते हुए उन्होंने परिवार की महिलाओं के लिए भी चूड़ियों की खरीदारी की है। सीमा का कहना है कि किफायती कीमत पर आकर्षक डिजाइन और अच्छी गुणवत्ता मिलने से खरीदारी का उत्साह और बढ़ गया है।

चूड़ी कारोबारियों दिनेश कुमार, सुजल और गौरव का कहना है कि सावन के पूरे महीने, हरियाली तीज और रक्षाबंधन तक बाजारों में खरीदारी का सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है। उनका मानना है कि त्योहारी सीजन की शुरुआत के साथ चूड़ियों की बिक्री में और तेजी आएगी। बाजारों में बढ़ती रौनक से कारोबारियों के चेहरों पर भी संतोष और उत्साह साफ दिखाई दे रहा है, जबकि महिलाओं के लिए यह खरीदारी केवल श्रृंगार ही नहीं, बल्कि आस्था, परंपरा और उत्सव का भी प्रतीक बनी हुई है।

# हाईवे पर हरियाणा से आगरा तक ट्रांसपोर्ट माफियाओं का कब्जा



गोवर्धन चौराहे पर सवारियों के इंतजार में खडी डग्गामार बस ।




हाइवे पर दौड़ती डग्गामार बस।

## धड़ल्ले से रोडवेज के समानांतर चला रहे हैं डग्गेमार बसें

## रोडवेज अधिकारी एआरटीओ को नहीं है इसकी परवाह

**यूनिक समय, मथुरा।** हरियाणा से लेकर आगरा तक ट्रांसपोर्ट माफिया हरियाणा रोडवेज की बसों से मिलती जुलती गाड़ियों को रोडवेज के समानांतर चला कर मोटी कमाई की जा रही है। इस मामले में पुलिस और एआरटीओ की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होना लाजिमी हैं। हरियाणा के ट्रांसपोर्ट माफियाओं द्वारा रोडवेज के समानांतर हरियाणा रोडवेज की गाड़ियों के रंग से मिलती जुलती कई बसें हरियाणा से लेकर आगरा तक धड़ल्ले से चलाई जा रही है। इन बसों पर कंडेक्टर भी होता है। बाकायदा यात्रियों को टिकट भी दिया जाता है। इस तरह ये बसें बे-रोक टोक सवारियों को उठाती हुई हाइवे पर दौड़ रही हैं। इससे उत्तर प्रदेश रोडवेज को काफी राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। सारी जानकारी होने के बावजूद

## हाईवे पर डग्गेमार बसें यात्रियों की सुरक्षा से कर रही हैं खिलवाड़

**यूनिक समय, मथुरा।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना कोसीकलां के कोटवन कट के समीप उत्तर प्रदेश रोडवेज से पहले सवारियों को भरने के चक्कर में इस तरह की डग्गेमार बस ने रोडवेज को भीषण टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में दो दर्जन सवारियां घायल हुई थी। इसके बाद भी हाइवे पर दौड़ने वाली इन डग्गेमार बसों पर क्यो कार्रवाई नही हो रही है। डग्गेमार बस अपने लाभ के लिए यात्रियों के जीवन से खिलवाड़ तो कर ही रहे हैं। इसके साथ प्रदेश के राजस्व को भी भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

रोडवेज के अधिकारी हाइवे पर इस तरह की डग्गेमारी करने वाले वाहनों के खिलाफ कोई अभियान नहीं चलाते हैं। एआरटीओ मथुरा, आरटीओ आगरा भी इन वाहनों पर कार्रवाई क्यों नहीं करते, शायद इसके पीछे ट्रांसपोर्ट माफिया की गहरी पैंठ हो सकती है।

# यमुना में और बढ़ा जल स्तर, तीन सीढ़ी डूबी

**यूनिक समय, वृंदावन।** पिछले कुछ दिनों से यमुना नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी का असर अब वृंदावन के घाटों पर भी दिखाई देने लगा है। रविवार को जलस्तर में हल्की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे केशी घाट की करीब तीन सीढ़ियां पानी में डूब गईं। हालांकि स्थिति अभी गंभीर नहीं है, लेकिन नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और श्रद्धालु पूरी तरह सतर्क हैं।

सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु यमुना पूजन और स्नान के लिए घाटों पर पहुंचे। जलस्तर बढ़ने के कारण लोगों को सावधानी बरतते हुए स्नान करते देखा गया। घाटों पर मौजूद स्थानीय लोगों ने बताया कि बीते एक-दो दिनों की तुलना में पानी थोड़ा और बढ़ा है, जिससे निचली सीढ़ियां पूरी तरह जलमग्न हो गई हैं। प्रशासन द्वारा घाटों पर निगरानी रखी जा रही है और लोगों से अपील की जा रही है कि वे गहरे पानी में जाने से बचें तथा सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। नाव संचालकों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ऊपरी क्षेत्रों से और अधिक पानी छोड़ा गया तो आने वाले दिनों में जलस्तर में और वृद्धि हो सकती है। फिलहाल स्थिति सामान्य बनी हुई है और किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों से भी अपील की गई है कि वे सेल्फी लेने या जलमग्न सीढ़ियों तक जाने का प्रयास न करें। प्रशासन लगातार यमुना के जलस्तर पर नजर बनाए हुए है और आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

## रेस्टोरेंट में घुसकर मारपीट

**यूनिक समय, वृंदावन।** दबंगों ने एक रेस्टोरेंट में घुसकर युवक के साथ मारपीट कर डाली। दबंगों की दबंगई देखकर रेस्टोरेंट में बैठे ग्राहकों में अफरा- तफरी मच गई। वह बाहर की ओर भागते नजर आए। बताते हैं कि रेस्टोरेंट के एक कर्मचारी की एक युवक से किसी बात पर तकरार हो गई थी। फिर क्या देखते ही देखते युवक के कई साथियों ने रेस्टोरेंट में घुसकर मारपीट करना शुरु कर दिया। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हंसता आईना




## ट्रेफिक दारोगा से भिड़ी ई-रिक्शा चला रही महिला

**यूनिक समय, वृंदावन।** यातायात नियमों के विपरीत ई-रिक्शा चलाने वालों के खिलाफ शुरु किए अभियान के तहत आज हनुमान मंदिर के पास एक महिला चालक और ट्रेफिक पुलिस के दारोगा के बीच हुई नोकझोंक चर्चा का विषय बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दरोगा ने ई-रिक्शा का चालान करने के लिए फोटो खींचने की कोशिश की तो ई-रिक्शा चला रही महिला उससे भिड़ गई। काफी देर तक दोनों के बीच तकरार होती रही। कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर उसे इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया।

# घंटाघर चौराहे का अधूरा निर्माण, लोगों को हो रही परेशानी

## 10 माह बाद भी पूरा नहीं हुआ निर्माण काम

## रोज जाम से जूझ रहे हैं यहां से निकलने वाले लोग

## अक्टूबर में लगता है भरत मिलाप का लक्खी मेला



कोसीकलां घंटाघर चौराहे पर अधूरा पड़ा निर्माण कार्य

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर की नई पहचान बनने वाला आधुनिक घंटाघर का निर्माण 10 माह बाद भी अधूरा है। शहर के सबसे व्यस्तत्म चौराहे पर रुका पड़ा निर्माण अब लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन रहा है। बैरिकेडिंग,अधूरी खोदाई और संकरी सड़क के कारण सुबह से देर रात तक जाम की स्थिति बनी रहती है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि महज तीन माह बाद ऐतिहासिक भरत मिलाप मेला होना है। यदि तब तक निर्माण पूरा नहीं हुआ तो हजारों श्रद्धालुओं और शहरवासियों को भारी अव्यवस्था का सामना करना पड़ सकता है।

मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में करीब 1.50 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक घंटाघर निर्माण को मंजूरी दी गई थी। घंटाघर के पुराने ढांचे को हटने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि नया घंटाघर जल्द तैयार होगा, लेकिन निर्माण की धीमी रफ्तार ने नगर वासियों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मुख्य चौराहे पर निर्माण स्थल के कारण सड़क संकरी हो गई है, जिससे दिनभर वाहनों की लंबी कतारें लगती हैं। धूल-गर्द से दुकानदारों और राहगीरों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। अब चिंता इसलिए और बढ़ गई है क्योंकि अगले तीन माह में नगर का ऐतिहासिक भरत मिलाप मेला आयोजित होना है। इस दौरान भव्य शोभायात्रा सहित कई धार्मिक-सांस्कृतिक जुलूस इसी मार्ग से गुजरते हैं। ऐसे में यदि समय रहते निर्माण पूरा नहीं हुआ तो यातायात व्यवस्था चरमरा सकती है और श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

यूनिक समय

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।
**कार्यालय:-** यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।
संपादक-पवन गौतम
**फोन नंबर-0565-3550761**
**मो. 9837155888**
E-mail : uniquesamaynews@gmail.com
website : uniquesamay.com
RNI-UPHIN/2023/85053
DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28
सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।




# अंजीर भिगोकर रोज खाओ, सेहत और ताकत दोनों पाओ !



**यूनिक समय, मथुरा।** जब आप अंजीर पानी में भिगोकर खाते हैं, तो इसके फायदे भी अधिक बढ़ जाते हैं। वहीं इसके फायदे को दोगुना करना चाहते हैं, तो इसको दूध में भिगोकर खा सकते हैं। दूध में अंजीर भिगोकर खाने से शरीर को अधिक पोषण मिलता है।

आयुर्वेद में अंजीर को गुणों का खजाना माना जाता है। अंजीर सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स भरपूर मात्रा में होता है। वहीं यह सभी पोषक तत्व बीमारियों से बचने में सहायता करता है। आयुर्वेद के हिसाब से भिगोए हुए अंजीर का सेवन करने से शरीर की गंदगी साफ होती है। कब्ज की समस्या से राहत मिलती है और एनर्जी बढ़ती है। वहीं रोजाना अंजीर का सेवन करने से हड्डियां मजबूत होती है और स्किन में ग्लो भी आता है।

जब आप अंजीर पानी में भिगोकर खाते हैं, तो इसके फायदे भी अधिक बढ़ जाते हैं। वहीं इसके फायदे को दोगुना करना चाहते हैं, तो इसको दूध में भिगोकर खा सकते हैं। दूध में अंजीर भिगोकर खाने से शरीर को अधिक पोषण मिलता है। क्योंकि दूध में प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन डी पाया जाता है। जोकि हमारी हड्डियों और दांतों के लिए बहुत जरूरी है। तो आइए जानते हैं अंजीर भिगोकर खाने से शरीर को क्या–क्या फायदे मिलते हैं। अंजीर में मौजूद फाइबर और छोटे बीज आंतों की सफाई में सहायता करता है। इसको रातभर दूध में भिगाकर खाने से कब्ज और अपच की समस्या दूर होती है। अंजीर में मौजूद फाइबर मल को नरम बनाता है और आंतों के स्वस्थ काजकाम को बढ़ावा देता है। दूध और अंजीर का सेवन करने से हड्डियां मजबूत बनती हैं। अंजीर में कैल्शियम और मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में पाई जाती है। वहीं दूध में कैल्शियम पाया जाता है, जो हड्डियां मजबूत बनाता है। दूध और अंजीर का कॉम्बिनेशन ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं को रोकने में मदद करता है। अंजीर में एंटीऑक्सिडेंट्स और फाइबर मौजूद होता है, जोकि बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल करता है। इससे हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा भी काफी हद तक कम हो जाता है।

बता दें कि वेट लॉस में भी अंजीर आपकी मदद कर सकता है। इसमें फाइबर अधिक और कैलोरी कम मात्रा में पाया जाता है, जो मेटाबॉलिज्म को तेज करता है और वेट लॉस में भी मदद करता है। अंजीर में मौजूद फाइबर पाचन में मदद करता है और पेट को भरा हुआ रखने में मदद करता है।

# बेसन के लड्डू बनाने के लिए अपनाएं ये आसान टिप्स



**यूनिक समय, मथुरा।** बेसन के लड्डू भारतीय रसोई में सबसे लोकप्रिय और पारंपरिक मिठाइयों में से एक हैं। इनका स्वाद ऐसा होता है कि एक बार खाने के बाद कोई भी खुद को दोबारा खाने से रोक नहीं पाता। लेकिन जितनी आसान यह रेसिपी दिखती है, उतनी ही बारीकी इसमें होती है। अगर थोड़ी सी भी चूक हो जाए तो लड्डू या तो जल जाते हैं या ठीक से बंधते नहीं हैं।

अगर आप भी बेसन लड्डू बनाते समय इन समस्याओं का सामना कर रहे हैं, तो घबराने की जरूरत नहीं है। कुछ छोटे मगर जरूरी टिप्स को अपनाकर आप घर पर ही बाजार जैसे स्वादिष्ट और परफेक्ट बेसन लड्डू बना सकते हैं।

सबसे पहली और बड़ी गलती जो लोग करते हैं वह है तेज आंच पर बेसन को भूनना। इससे बेसन का स्वाद कड़वा हो सकता है और वह जल भी सकता है। हमेशा धीमी आंच पर बेसन को लगातार चलाते हुए भूनें। जब हल्की सी खुशबू आने लगे और बेसन का रंग सुनहरा होने लगे, तो समझ जाएं कि बेसन अच्छी तरह भुन चुका है।

घी की मात्रा और उसे डालने का सही समय लड्डू के स्वाद और बाइंडिंग दोनों में अहम भूमिका निभाता है। शुरुआत में थोड़ा घी डालें ताकि बेसन अच्छे से भुने। फिर धीरे–धीरे बीच–बीच में थोड़ा–थोड़ा घी डालते रहें। सारा घी एकसाथ डालने से बेसन तले में चिपक सकता है और भूनने में असमानता आ सकती है।

जब आपका बेसन अच्छे से भुन जाए और हल्का गरम हो, तभी उसमें शक्कर मिलाएं। अगर बेसन पूरी तरह से ठंडा हो जाएगा तो उसमें शक्कर सही से घुलेगी नहीं और लड्डू बाइंड नहीं होंगे। हल्के गरम बेसन में शक्कर मिलाने से मिठास भी बराबर फैलेगी और लड्डू अच्छे से बंधेंगे।

लड्डू में शक्कर मिलाते समय इस बात का खास ध्यान रखें कि आप दानेदार चीनी की बजाय बूरा या पिसी हुई शक्कर का ही उपयोग करें। दानेदार चीनी लड्डू में अच्छी तरह घुलती नहीं है और खाने में किरकिरा स्वाद देती है।

बेसन, घी और शक्कर का अनुपात संतुलित होना चाहिए। आमतौर पर एक कप बेसन के लिए आधा कप घी और आधा कप बूरा काफी होता है, लेकिन आप अपने स्वाद और अनुभव के अनुसार थोड़ा बदलाव कर सकते हैं।

अगर आप इन आसान लेकिन कारगर टिप्स को अपनाते हैं, तो यकीन मानिए झ आपके बनाए बेसन के लड्डू स्वाद, खुशबू और बनावट हर मामले में लाजवाब होंगे। अगली बार जब मीठा खाने का मन करे, तो इन टिप्स के साथ घर पर ही बेसन लड्डू बनाकर खुद को और अपनों को खुश करें।

# बिना धोए ही पहन लेते हैं नए कपड़े, तो हो जाएं सावधान



**यूनिक समय, मथुरा।** क्या आप जानते हैं कि नए कपड़ों को बिना धोए पहनने की वजह से आपकी सेहत और आपकी त्वचा पर नेगेटिव असर पड़ सकता है?

नए कपड़े खरीदना किसे पसंद नहीं होता। लेकिन कहीं आप भी नए कपड़ों को बिना धोए पहनने की गलती तो नहीं करते हैं? आपकी ये गलती सेहत और त्वचा से जुड़ी समस्याओं को आमंत्रित करने का काम कर सकती है। आइए जानते हैं कि अगर आप नए कपड़ों को बिना धोए पहन लेते हैं, तो आपको किस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**गौर करने वाली बात** : जब भी आप नए कपड़े खरीदते हैं, तो ज्यादातर उन कपड़ों को पहले कोई न कोई ट्राई करके देख चुका होता है। जिसने भी कपड़े को ट्राई किया होगा, अगर उसे स्किन से जुड़ी कोई भी समस्या होगी, तो आपको भी त्वचा से जुड़ी समस्या होने का खतरा बढ़ सकता है। अगर आप त्वचा से जुड़ी समस्याओं की चपेट में नहीं आना चाहते, तो आपको नए कपड़ों को एक बार धोने के बाद ही पहनना चाहिए।

**शरीर पर हमला बोल सकते हैं कीटाणु :** भले ही नए कपड़े दिखने में साफ–सुथरे लगते हों लेकिन उनके अंदर कीटाणु मौजूद होने की संभावना काफी ज्यादा होती है। अगर आप बिना धोए ही नए कपड़े को पहन लेंगे, तो कीटाणुओं की फौज आपके शरीर पर हमला बोल सकती है जिसकी वजह से आपकी तबीयत भी खराब हो सकती है। इसलिए अपनी सेहत को मजबूत बनाए रखने के लिए सावधानी बरतना बेहद जरूरी है।

**जरूरी है हाइजीन का ध्यान रखना** : कपड़ों को बिना धोए पहन लेना अनहाइजीनिक होता है। अपनी सेहत और त्वचा की देखभाल के लिए हाइजीन का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। यही वजह है कि एक्सपर्ट्स अक्सर कपड़ों को धोने के बाद ही इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं।

# देहरादून में मस्ती और रोमांच की तीन बेस्ट जगहें

**यूनिक समय, मथुरा।** अगर आप रोजमर्रा की हलचल से कुछ अलग करना चाहते हैं और कुछ रोमांचक व यादगार अनुभव की तलाश में हैं, तो देहरादून आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प है। अक्सर लोग हिल स्टेशन का आनंद लेने के लिए मसूरी, ऋषिकेश या धनोल्टी की ओर निकल पड़ते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि खुद देहरादून में ही कुछ बेहद एक्साइटिंग और तूफानी जगहें हैं जहाँ आप बिना दूर गए ही जबरदस्त मस्ती कर सकते हैं?



तो चलिए जानते हैं देहरादून की तीन ऐसी जगहों के बारे में, जहां आप रोमांच, एडवेंचर और मस्ती का भरपूर मजा ले सकते हैं।

रॉबर्स केव (गुच्चूपानी): रॉबर्स केव या 'गुच्चूपानी' देहरादून की सबसे रोमांचक जगहों में से एक है। यह एक प्राकृतिक गुफा है जिसके बीचोंबीच से ठंडा और साफ पानी बहता है। यहां पहुंचने के लिए आपको थोड़ा पैदल चलना पड़ता है, और जैसे ही आप गुफा के भीतर प्रवेश करते हैं, आपके पैरों के नीचे से बहता पानी और तैरती मछलियां एक अलग ही अनुभव देती हैं।

गुफा की शुरुआत थोड़ी डरावनी लग सकती है, लेकिन जैसे–जैसे आप अंदर बढ़ते हैं, यह जगह मन मोह लेती है। सुबह जल्दी पहुंचना सबसे अच्छा रहता है, क्योंकि दिन चढ़ते ही यहां भीड़ बढ़ने लगती है। यह जगह प्राकृतिक सुंदरता के साथ–साथ एक रोमांचक ट्रैकिंग स्पॉट भी है। सालन गांव में रॉक क्लाइंबिंग और कैंपिंग: अगर आप एडवेंचर के शौकीन हैं और ऊंचाईयों को छूने का जज्बा रखते हैं, तो देहरादून का सालन गांव आपके लिए एक परफेक्ट डेस्टिनेशन है। यहां पर रॉक क्लाइंबिंग का आयोजन होता है जहां आप बिना किसी आधुनिक सहारे के चट्टानों पर चढ़ने का साहसिक अनुभव ले सकते हैं।

यहां सिर्फ रॉक क्लाइंबिंग ही नहीं, बल्कि टेंट में रात बिताने, मिट्टी के बर्तनों में खाना पकाने और खुली हवा में जीवन जीने का अनोखा मौका मिलता है। कैंपिंग, बोनफायर, स्टारी नाइट और लोकल फूड यह सब मिलकर आपके ट्रिप को रोमांचक ही नहीं, यादगार भी बना देगा।

मालसी डियर पार्कः अगर आप अपने परिवार के साथ घूमने जा रहे हैं और चाहते हैं कि बच्चों को भी मजा आए, तो मालसी डियर पार्क एक शानदार विकल्प है। यह एक मिनी जू जैसा है, जहां हिरण, नीलगाय जैसे जानवर देखे जा सकते हैं। इसके अलावा यहां जिपलाइनिंग, स्लाइड्स, और कई अन्य मनोरंजक गतिविधियां भी उपलब्ध हैं जो बच्चों और युवाओं दोनों को पसंद आएंगी। यहां हरियाली से भरा माहौल, खुली हवा और हल्की फुहारों का एहसास भी आपको सुकून देगा। खास बात ये है कि यह जगह शहर के नजदीक है, जिससे छोटा ट्रिप प्लान करना बेहद आसान हो जाता है।

तो अगली बार जब आप कुछ नया और धमाकेदार करने की सोचें, तो देहरादून की इन रोमांचक जगहों को अपनी ट्रैवल लिस्ट में जरूर शामिल करें। यहां न सिर्फ रोमांच है बल्कि प्रकृति की गोद में शांति और आनंद भी मिलेगा। बिना लंबी दूरी तय किए ही आप बेहतरीन एक्सपीरियंस पा सकते हैं।

### दस दिन बाद मिली पुलिस को सफलता

# चार अभियुक्त गिरफ्तार, 650 ग्राम सोना बरामद

## घटना में प्रयुक्त बाइक चार मोबाइल बरामद


बस से सोने को लेकर भागने वाले शातिरों की गिरफ्तारी के बाद जानकारी देते हुए एसएसपी श्लोक कुमार।

**यूनिक समय मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र स्थित एटीवी के समीप से दस दिन पहले दिल्ली जाती बस से 85 लाख के सोने के जेवरात को लेकर भागने वाले चार शातिरों को हाईवे पुलिस, एसओजी और स्वाट टीम ने बाकलपुर रजबहा के समीप से गिरफ्तार कर पूरा माल बरामद कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त की गई बाइक भी बरामद की है।

एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि 24 जुलाई को राजस्थान के राजेंद्र कुमार पटेल एंड कंपनी का कर्मचारी गौरव निवासी बसेड़ी धौलपुर मंडी रामदास स्थित कंपनी के कार्यालय 550 ग्राम सोने का पैकिट लेकर दिल्ली जाने के लिए स्कूटी पर कंपनी के कर्मचारी उदयवीर के साथ गोवर्धन चौराहे पर आया था। गौरव दोपहर दो बजे एटीवी से दिल्ली जाने के लिए बस में सवार हो गया। बस में गौरव ड्राइवर के समीप बोनट पर बैठ गया। उसने सोने के पैकिट वाला बैग वहां रख दिया। कुछ ही देर में शातिर युवक उसका बैग उठाकर बस से कूद गया और बाइक पर बैठकर भाग गया था। इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सोने के पैकिट की हुई चोरी की घटना को खोलने के लिए पुलिस की सात टीमों को लगाया गया था। पुलिस की टीमों ने चार सौ से अधिक सीसी टीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और सर्विलांस और लोकल इंटेलीजेंस आदि का सहारा बदमाशों को पकड़ने के लिए लिया। दस दिन बाद पुलिस टीम को बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता हाथ लगी। एसओजी, स्वांट टीम और हाईवे पुलिस ने चेकिंग के दौरान बाकलपुर रजबहा के समीप से घटना में शामिल अभियुक्त अभिषेक और विष्णु सिंह निवासी पुराहरलाल थाना बसोनी जिला आगरा, संदीप सिंह निवासी ग्राम श्यामपुर खुर्द थाना दिमनई जिला मुरैना, उपेंद्र सिंह निवासी रतनपुर भूमा थाना बसेड़ी जिला धौलपुर राजस्थान को गिरफ्तार कर 650 ग्राम सोना, चार मोबाइल, एक मोटरसाइकिल, और कार रजिस्ट्रेशन बरामद किया है।

### मास्टर माइंड निकला बस चलाने वाला ड्राईवर

यूनिक समय, मथुरा। घटना का मास्टर माइंड उपेंद्र सिंह निकला। उपेंद्र सिंह पहले बस चलाता था। उसे इस बात की जानकारी थी कि किस तरह सोने के जेवरात के पैकिट बस से ले जाए जाते हैं। उसने अपने साथियों के साथ घटना को अंजाम देने के लिए तैयार किया और पूरी घटना को अंजाम दिया। पकड़े गए अभियुक्तों का कोई अपराधिक इतिहास नहीं है। पहली घटना को करने में ही वह पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

# प्लॉट दिलाने के नाम पर 11.91 लाख ठगे

## तीन पर दर्ज कराया गया मुकदमा




**यूनिक समय ,चौमुहां।** वृंदावन में प्लॉट दिलाने का झांसा देकर 11.91 लाख रुपये ठगने के मामले में एसएसपी के आदेश पर थाना जैत में तीन अभियुक्तो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

नई दिल्ली के पंजाबी बाग एक्सटेंशन निवासी आरती कुमारी ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह केंद्र सरकार के कार्यालय में सिविल इंजीनियर हैं।

श्रीकृष्ण में आस्था होने के कारण वह वृंदावन में आवास बनाने के लिए प्लॉट खरीदना चाहती थीं। इसी दौरान उनकी मुलाकात देव सिटी निवासी रणछोर दास से हुई। उसने खुद को श्रीश्याम सुंदर होम्स से जुड़ा बताते हुए प्लॉट दिलाने का भरोसा दिया।16 जुलाई 2023 को रणछोर दास ने उन्हें 100 वर्ग गज का प्लॉट संख्या–198 दिखाया, जिसकी कीमत 12,800 रुपये प्रति वर्ग गज बताई। उसी दिन बुकिंग के नाम पर 51 हजार रुपये लिए गए।

इसके बाद अलग अलग तिथियों में चेक के माध्यम से दो लाख, एक लाख, दो लाख और दो लाख रुपये जमा कराए गए। पूरी धनराशि श्रीश्याम सुंदर होम्स के खाते में जमा कराई गई।

इसके बाद 11 मई 2024 को बैनामा कराने की बात कहने पर बताया गया कि भूमि दूसरी कंपनी के हिस्से में चली गई है। इसके बाद विजय भान और श्याम ठाकुर ने दूसरा प्लॉट देने का आश्वासन देकर 4.40 लाख रुपये और जमा करा लिए।

इसके बावजूद न तो प्लॉट का बैनामा कराया गया और न ही रकम वापस की गई। बाद में पता चला कि रणछोर दास फरार हो गया। उनका आरोप है कि रणछोर दास, विजय भान और श्याम ठाकुर ने सुनियोजित तरीके से 11.91 लाख रुपये हड़प लिए। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

# झुग्गी-झोपड़ियों के बच्चों के साथ मनाया मित्रता दिवस


बच्चो को नए वस्त्र वितरित करते सतीश चंद्र शर्मा

**यूनिक समय, मथुरा।** मित्रता दिवस पर जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र द्वारा झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले अभावग्रस्त परिवारों के बच्चों के साथ स्नेह-अपनत्व के साथ मित्रता दिवस मनाया गया।

संस्था संस्थापक सतीश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के साथ खेलकूद, संवाद और मनोरंजक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। बच्चों को बिस्कुट, नए वस्त्र वितरित किए । बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और मित्रता दिवस की खुशियां साझा कीं। संस्थापक सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि सच्ची मित्रता का अर्थ केवल अपने मित्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के उन बच्चों तक भी प्रेम, सहयोग और अपनत्व पहुंचाना है, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

# नशा मुक्त विकसित भारत के लिए युवाओं से पीएम ने किया आह्वान

यूनिक समय, मथुरा। नशा मुक्त विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत रविवार को बीएसए महाविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण लोगों ने सुना। कार्यक्रम में माय भारत के स्वयंसेवकों एवं बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रधानमंत्री का संदेश सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जिससे युवाओं को हर हाल में दूर रहना चाहिए। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और समाज को भी इस बुराई से मुक्त बनाने के लिए जागरूक करें।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार युवा ही विकसित भारत के संकल्प को साकार कर सकते हैं। कार्यक्रम में बीएसए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ललित मोहन शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार कौशिक,नवीन कुमार अग्रवाल,डॉ. चंचल शर्मा,रामवीर शर्मा,श्याम बाबू शुक्ल व अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

आरसीए बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में एक


आरसीए बालिका महाविद्यालय में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत के पोस्टर पर हस्ताक्षर करती छात्राएं।

दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। भारत सरकार के 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान' के अंतर्गत आयोजित शिविर का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रतिभा और सोनम यादव ने किया।

शिविर के प्रथम सत्र का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यगीत के साथ हुआ। स्वयंसेविकाओं ने सत्संग के माध्यम से जीवन की विकृतियों और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने की प्रेरणा ली। द्वितीय सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान' के अंतर्गत युवाओं से आभासी संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। लघु चलचित्र और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश देते हुए विकसित भारत के निर्माण में इसकी महत्ता के बारे में जानकारी दी। तृतीय सत्र में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। स्वयंसेविकाओं ने नशा मुक्ति की शपथ लेते हुए अपने परिवार और समाज को भी नशे से दूर रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर चित्रकला-स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्वयंसेविकाओं ने अपनी रचनाओं के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया। प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा दीक्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**वृंदावन।** इंस्टीट्यूट ऑफ ओरिएंटल फिलॉसफी महाविद्यालय में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान कार्यक्रम का सजीव प्रसारण महाविद्यालय में किया। प्राचार्य प्रो. पीके सारस्वत ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाली परेशानियों के बारे में समझाया। दूसरी ओर इंस्टिट्यूट ऑफ ओरिएंटल फिलॉसफी महाविद्यालय में एक पेड़ मां नाम अभियान की शुरुआत की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी हेमेंद्र कुमार के नेतृत्व में स्वयं सेवक और स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय के प्रांगण में छायादार और औषधियुक्त पौधे लगाए। इस अवसर पर प्रो. सरला शर्मा, प्रो. अनंत कुमार यादव, प्रो. योगेन्द्र पाल सोलंकी, प्रो. संजय कुमार सिंह, डॉ. केएल अग्रवाल, डॉ. वीरेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. विवेक शर्मा, डॉ. निधि सिंह, डॉ. अनुज कुमार, मृदुला पांडेय, पवित्र गोस्वामी, धर्मेंद्र कुमार, सुभाष कृष्ण सरकार और सौरभ कुलश्रेष्ठ उपस्थित थे।

# एक लोटा जल से ही प्रसन्न हो जाते हैं महादेव: देवकीनंदन

## चौथे दिन शिवभक्तों ने बनाये 3 लाख 11 हजार पार्थिव शिवलिंग


शिवलिंग पर जल चढ़ाते भक्त।

**यूनिक समय,वृंदावन।** श्रावण मास भगवान शिव का अत्यंत प्रिय महीना होता है। भगवान शिव को प्रेमपूर्वक अर्पित किया गया एक लोटा जल भी उन्हें प्रसन्न कर देता है। पवित्र मन से किया गया जलाभिषेक मन को पवित्र करता है, नकारात्मक विचारों को दूर करता है और व्यक्ति को धर्म, भक्ति, सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है । आयोजन के चौथे दिन शिवभक्तों ने 3 लाख 11 हजार पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण-अभिषेक किया ।

प्रियाकांत जू मंदिर पर पार्थिव शिवलिंग महोत्सव में कथा श्रवण कराते हुये देवकीनंदन ने कहा कि सावन के पावन माह में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण और उसकी श्रद्धापूर्वक पूजन, रुद्राभिषेक और विधिपूर्वक विसर्जन करने से भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं । देवकीनंदन ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना या अच्छी नौकरी पाना नहीं होना चाहिए, बल्कि एक श्रेष्ठ चरित्र, नैतिकता और राष्ट्रभक्ति से युक्त नागरिक का निर्माण भी होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों और परिवारों में रामायण, गीता और भारतीय संस्कृति के आदर्शों का अध्ययन होगा, तभी आने वाली पीढ़ी संस्कारी, चरित्रवान और राष्ट्र के प्रति समर्पित बनेगी। इस मौके पर कुमुदनी, सुधीर कुमार वर्मा, पुष्पा पांडेय, सावित्री सिंह, विमला, जगदीश,मंजु शुक्ला, गीता शर्मा, सोना, राजकुमार शर्मा, रीना कृष्णकुमार आदि उपस्थित थे।

# मौलाना जर्जिस अंसारी को दंडित करने का समय

**यूनिक समय, वृंदावन।** धर्म रक्षा संघ की धर्म गोष्ठी स्वामी हरिदास पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर राधा प्रसाद देव जू की अध्यक्षता में ललित कुंज गौशाला नगर की हुई। धर्म गोष्ठी में मुस्लिम मौलाना जर्जिस अंसारी द्वारा भगवान श्री कृष्ण, महादेव, विष्णु और ब्रह्मा के बारे में अनर्गल और आपत्तिजनक बयानबाजी पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। मौलाना जर्जिस अंसारी के खिलाफ एफआईआर करके कानूनी कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा कि मौलाना जर्जिस अंसारी बेलगाम और बेखौफ होकर सनातन धर्म और हमारे इष्ट देवों का अपमान कर रहा है, अब इसे दंडित करने का समय आ गया है। राष्ट्रीय महासचिव स्वामी अतुल कृष्ण दास ने मौलाना जर्जिस अंसारी को गिरफ्तार करने की मांग की। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी राधा प्रसाद देव जू ने कहा कि मौलाना जर्जिस अंसारी ने आराध्य देवों के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करके इसने अक्षम्य अपराध किया है। कार्यकारी अध्यक्ष महंत मोहिनी बिहारी शरण, महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद ने कहा कि गिरफ्तारी न होने पर धर्म रक्षा संघ बड़ा आंदोलन करेगा। गोष्ठी में धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य बद्रीश महाराज,महामंडलेश्वर स्वामी सत्यानंद अधिकारी, डॉ. हरिओम शास्त्री, श्रीदास प्रजापति, अनमोल कृष्ण शास्त्री, अभिषेक तिवारी, ब्रह्म ऋषि, विराज दुबे,आचार्य पुरुषोत्तम मिश्रा, महंत सूरज दास, महंत कृष्ण दास, महंत सांवर दास आदि उपस्थित थे।